# बिहार स्पेशल

# बिहार GK Quiz

# PDF



For

# BPSC Prelims

# बिहार

&

# Bihar Sub Inspector

# बिहार सामान्य ज्ञान

हिन्दवंशी

## बिहार GK Quiz

सेट - 4

1. जयप्रकाश नारायण ने आजाद दस्ता का गठन किस देश में किया था?

a. नेपाल

b. भूटान

c. सिंगापुर

d. मलेशिया

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

नेपाल

आजाद दस्ता का गठन भारत छोड़ो आन्दोलन के बाद क्रान्तिकारियों द्वारा किया गया था।

जयप्रकाश नारायण ने इसकी स्थापना नेपाल की तराई के जंगलों में रहकर की थी।

इसके सदस्यों को ब्रिटिश शासन के विरुद्ध छापामार युद्ध का प्रशिक्षण दिया जाता था।

2. निम्नलिखित में से बिहार का कौन सा स्थान नव पाषाण काल से संबंधित पुरातत्व स्थल है?

a. बसढ़

b. चिरांद

c. नालन्दा

d. केसरिया

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

# चिरांद

छपरा से 11 किलोमीटर दूर स्थित चिरांद सारण जिला का सबसे महत्वपूर्ण पुरातत्व स्थल है।

घाघरा नदी के किनारे स्थित यह स्थल भारत में नव पाषाण काल का पहला ज्ञात स्थल है।

खुदाई में यहाँ से हडडियाँ, गेंहूँ की बालियाँ तथा पत्थर के औजार मिले हैं जिससे यह पता चलता है कि यहाँ बसे लोग कृषि, पशुपालन एवं आखेट में संलग्न थे।

3. माँझर कुंड जलप्रपात बिहार के किस जिले में स्थित है?

a. मुंगेर

b. बांका

c. पूर्णिया

d. रोहतास

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

# रोहतास

रोहतास जिले के कैमूर पहाड़ी पर स्थित मांझर कुंड और धुआं कुंड जलप्रपात अपनी मनोरम सुंदरता के लिए जाने जाते है।

4. किस सम्राट के दरबार में नौ रत्न थे?

a. चंद्रगुप्त मौर्य

b. कनिष्क

c. चंद्रगुप्त द्वितीय

d. हर्षवर्धन

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## चंद्रगुप्त द्वितीय

नवरत्न (9 प्रतिभाशाली लोगों का समूह) गुप्तकालीन सम्राट चन्द्रगुप्त द्वितीय (चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य) के दरबार में थे।

सम्राट विक्रमादित्य के नवरत्नों के नाम धन्वंतरि, क्षपणक, अमरसिंह, शंकु, बेताल भट्ट, घटखर्पर, कालिदास, वराहमिहिर और वररुचि थे।

5. 'इंडिया डिवाइडेड' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

a. राजेन्द्र प्रसाद

b. महात्मा गाँधी

c. भीमराव अंबेडकर

d. सहजानंद सरस्वती

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## राजेन्द्र प्रसाद

राजेंद्र प्रसाद एक उच्च कोटि के लेखक थे।

उन्होंने 1946 में अपनी आत्मकथा के अलावा और भी कई पुस्तकें लिखी जिनमें बापू के कदमों में (1954), इंडिया डिवाइडेड (1946) एवं सत्याग्रह ऐट चंपारण (1922) आदि रचनाएं शामिल हैं।

6. केंद्रीय प्लास्टिक इंजिनियरिंग रिसर्च इंस्टीच्युट बिहार के किस स्थान पर स्थित है?

a. पटना

b. हाजीपुर

c. नालंदा

d. मुजफ्फरपुर

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

हाजीपुर

वैशाली जिले के हाजीपुर में केंद्रीय प्लास्टिक इंजिनियरिंग रिसर्च इंस्टीच्युट की स्थापना की गई है।

7. दलदल - पीट मिट्टी बिहार के किस जिले में पाई जाती है?

a. मुंगेर

b. पटना

c. किशनगंज

d. पश्चिमी चंपारण

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## पश्चिमी चंपारण

दलदल - पीट मिट्टी बिहार में पश्चिमी चंपारण जिले के उत्तरी-पश्चिमी भाग में पाई जाती है।

8. फाह्यान नामक चीनी यात्री किस शासक के शासनकाल में भारत आया था?

a. चंद्रगुप्त मौर्य

b. कनिष्क

c. चंद्रगुप्त द्वितीय

d. हर्षवर्धन

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## चंद्रगुप्त द्वितीय

चीनी यात्री फाह्यान गुप्त सम्राट चन्द्रगुप्त द्वितीय (375-414 ई.) के शासनकाल में भारत आया था।

बौद्ध धर्म का अनुयायी फ़ाह्यान की भारत यात्रा का उदेश्य बौद्ध हस्तलिपियों एवं बौद्ध स्मृतियों की खोज करना था।

9. 2011 की जनगणना के अनुसार 2001 से 2011 के बीच बिहार राज्य का दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर कितना प्रतिशत है?

a. 19.4%

b. 22.6%

c. 25.4%

d. 28.6%

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

25.4%

2011 की जनगणना के अनुसार वर्ष 2001-2011 के दौरान बिहार राज्य में दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर 25.42% रहा जबकि 2001 से 2011 के बीच भारत की जनसंख्या 17.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी।

10. 'सम्पूर्ण क्रांति' नामक आन्दोलन बिहार के किस व्यक्ति के द्वारा चलाया गया था?

a. श्रीकृष्ण सिंह

b. सचिदानंद सिन्हा

c. सहजानंद सरस्वती

d. जय प्रकाश नारायण

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## जय प्रकाश नारायण

सम्पूर्ण क्रान्ति जयप्रकाश नारायण का विचार व नारा था जिसका आह्वान उन्होने इंदिरा गांधी के द्वारा सन 1975 में लगाए गए आपातकाल के विरोध में किया था।

जयप्रकाश नारायण ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में संपूर्ण क्रांति का आहवान किया था।

11. निम्नलिखित में से बिहार के किस जिले में अंगिका भाषा बोली जाती है?

a. वैशाली

b. सीवान

c. भागलपुर

d. मुजफ्फरपुर

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## भागलपुर

अंगिका भाषा बिहार के अंगप्रदेश, मुख्यतः भागलपुर, मुंगेर जिलों तथा बांका, जमुई के कुछ क्षेत्रों में बोली जाती है।

12. निम्नलिखित में से किस तारीख को वीर कुंवर सिंह जयंती के रूप में मनाया जाता है?

a. 23 अप्रैल

b. 19 मई

c. 14 जून

d. 11 जुलाई

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## 23 अप्रैल

वीर कुंवर सिंह का जन्म 23 अप्रैल 1777 को बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर गांव में हुआ था।

23 अप्रैल को उनके जन्म दिवस के अवसर पर वीर कुंवर सिंह जयंती के रूप में मनाया जाता है।

13. निम्नलिखित में से कौन सा जिला पटना जिले की सीमा के साथ जुड़ा हुआ है?

a. सारण

b. सिवान

c. बक्सर

d. भोजपुर

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

कोई नहीं/ एक से अधिक

बिहार के कुल 9 जिले भोजपुर, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, लखीसराय, बेगूसराय, समस्तीपुर, वैशाली तथा सारण पटना जिले की सीमा के साथ लगे हैं।

14. किस शासक ने राजवैद्य जीवक को भगवान बुद्ध की सेवा में नियुक्त किया था?

a. अशोक

b. बिम्बिसार

c. कालाशोक

d. हर्षवर्धन

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

# बिम्बिसार

जीवक बिम्बसार के शासनकाल में मगध के प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य थे।

उन्हें बिम्बिसार ने महात्मा बुद्ध का निजी वैद्य नियुक्त किया था।

15. ओदंतीपुरी विहार बिहार के किस जिले में स्थित है?

a. नालंदा

b. वैशाली

c. बेगूसराय

d. भागलपुर

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## नालंदा

ओदंतीपुरी विहार बिहार के नालंदा जिले में बिहारशरीफ के निकट स्थित है।

इसकी स्थापना प्रथम पाल नरेश गोपाल ने सातवीं शताब्दी में की थी।

16. बिहार के पहले उप मुख्यमंत्री निम्नलिखित में से कौन थे?

a. अब्दुल बारी

b. श्रीकृष्ण सिंह

c. राम मनोहर लोहिया

d. अनुग्रह नारायण सिन्हा

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## अनुग्रह नारायण सिन्हा

अनुग्रह नारायण सिन्हा बिहार के पहले उप मुख्यमंत्री थे।

उनकी लोकप्रियता के कारण उन्हें बिहार विभूति के रूप में जाना जाता था।

17. बिहार के पावापुरी में स्थित जल मंदिर किस धर्म का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है?

a. जैन

b. बौद्ध

c. सिख

d. हिन्दू

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

**जैन**

**जल मंदिर बिहार के पावापुरी शहर में स्थित है।**

**जल मंदिर एक तालाब के बीचों-बीच बना हुआ है।**

**जल मंदिर में मुख्य पूज्यनीय वस्तु भगवान महावीर की चरण पादुका है।**

18. निम्न में से बिहार का कौन सा स्थान शिल्क उधोग के लिए विख्यात है?

a. छपरा

b. कटिहार

c. भागलपुर

d. पश्चिमी चंपारण

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## भागलपुर

ऐतहासिक काल से भागलपुर अपने सिल्क उद्योग के लिए प्रसिद्ध रहा है।

भागलपुर का सुप्रिसद्ध सिल्क 'तशर सिल्क' अपनी गुणवत्ता के कारण विश्व विख्यात है।

19. निम्नलिखित में से कौन सी महिला चित्रकार मिथिला पेंटिंग से संबंधित नहीं हैं?

a. सीता देवी

b. रीता देवी

c. गंगा देवी

d. यमुना देवी

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

कोई नहीं/ एक से अधिक

मधुबनी चित्रकला अथवा मिथिला पेंटिंग बिहार के मिथिला क्षेत्र (दरभंगा, पूर्णिया, सहरसा, मुजफ्फरपुर एवं मधुबनी) की प्रमुख चित्रकला है।

भारती दयाल, महासुंदरी देवी, गंगा देवी और सीता देवी जैसी सिद्ध कलाकारों ने मिथिला पेंटिंग को अलग पहचान प्रदान की।

20. राहुल सांकृत्यायन का मूल नाम निम्नलिखित में से क्या था?

a. योगेन्द्र शुक्ला

b. केदारनाथ पांडे

c. चितरंजन सिन्हा

d. राहुल प्रताप देव

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

केदारनाथ पांडे

राहुल सांकृत्यायन का मूल नाम केदारनाथ पांडे था जिन्होंने बाद में श्रीलंका में बौद्ध धर्म अपना लिया।

21. बिहार के किस जिले का जनसंख्या घनत्व सबसे कम है?

a. बांका

b. गया

c. कैमूर

d. सुपौल

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## कैमूर

बिहार में सबसे ज्यादा जनसंख्या घनत्व शिवहर जिले का है।

बिहार की औसत जनसंख्या घनत्व प्रति किमी 1106 व्यक्ति की तुलना में शिवहर जिले का जनसंख्या घनत्त्व 1880 है।

बिहार में न्यूनतम जनसंख्या घनत्व कैमूर जिले का है जहाँ प्रति किलामीटर आबादी घनत्व 488 है।

22. महानंदा नदी निम्न में से किन जिलों से होकर गुजरती है?

a. जमुई

b. सुपौल

c. कटिहार

d. खगड़िया

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## कटिहार

महानंदा नदी का उद्गम पश्चिम बंगाल के दार्जीलिंग जिले से होता है जिसके पश्चात पश्चिम बंगाल, बिहार में बहती हुई यह बांग्लादेश में गंगा नदी में मिल जाती है।

महानंदा नदी बिहार के किशनगंज, पुर्णिया तथा कटिहार जिले से होकर बहती है।

23. टिकुली पेंटिंग का विकास बिहार के किस क्षेत्र में हुआ था?

a. पटना

b. भोजपुर

c. चम्पारण

d. मिथिलांचल

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## पटना

टिकुली पेंटिंग का विकास 800 साल पूर्व पटना में हुआ था।

800 वर्ष पूर्व मुगल काल में पटना के मुख्य व्यावसायिक केंद्र होने तथा मुगलों के द्वारा कला को समर्थन मिलने के कारण यहाँ इस पेंटिंग का उद्भव तथा विकास हुआ।

24. राजेन्द्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय बिहार के किस जिले में स्थित है?

a. पटना

b. सारण

c. समस्तीपुर

d. पूर्वी चंपारण

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## समस्तीपुर

राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय बिहार राज्य के समस्तीपुर जिले के पूसा नामक स्थान पर स्थित है।

इस संस्थान का नाम 'इम्पीरियल कृषि अनुसंधान संस्थान' (Imperial Agriculture Research Institute) था जो ब्रिटिश काल में सन् 1903 में स्थापित किया गया था।

25. सामा-चकेवा नृत्य बिहार के किस क्षेत्र का प्रसिद्ध नृत्य है?

a. मगध

b. भोजपुर

c. अंगप्रदेश

d. मिथिलांचल

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

मिथिलांचल

सामा-चकेवा नृत्य मिथिला प्रदेश में बहन के द्वारा भाई की मंगल कामना के लिए किया जाता है।

26. निम्नलिखित में से कौन सा गर्मकुंड बिहार के राजगीर जिले में स्थित नहीं है?

a. ब्रहम कुंड

b. सूर्य कुंड

c. गोमुख कुंड

d. सीता कुंड

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## सीता कुंड

बिहार में गरम जल के प्रमुख केंद्र राजगीर तथा मुंगेर जिले में स्थित हैं।

इनमे से कुछ प्रमुख कुंड ब्रहमकुंड, सूर्यकुंड, मखदूमकुंड, नानककुंड तथा गोमुख कुंड राजगीर जिले में तथा सीता कुंड, लक्ष्मण कुंड, अग्नि कुंड, ऋषि कुंड तथा भरारी कुंड मुंगेर जिले में स्थित हैं।

27. निम्नलिखित में से बिहार का कौन सा जिला झारखंड एवं पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों के साथ सीमा बनाता है?

a. बांका

b. पूर्णिया

c. कटिहार

d. भागलपुर

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## कटिहार

बिहार का कटिहार जिला झारखंड एवं पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों की सीमा के साथ जुड़ा हुआ है।

28. निम्न में से कौन से स्वतंत्रता सेनानी 'वोल्गा से गंगा' पुस्तक के लेखक हैं?

a. राजेन्द्र प्रसाद

b. महेश नारायण

c. राहुल सांकृत्यायन

d. जय प्रकाश नारायण

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## राहुल सांकृत्यायन

राहुल सांकृत्यायन ने बिहार के किसान आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभायी थी।

1940 के दशक में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान बिहार के जेल में उन्होंने 'वोल्गा से गंगा' तथा 'दर्शन-दिग्दर्शन' जैसे महान साहित्यिक कृतियों की रचना की।

29. निम्नलिखित में से किस नदी का उद्गम स्थल बिहार में नहीं है?

a. कमला

b. पुनपुन

c. कर्मनाशा

d. बूढ़ी गण्डक

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

कोई नहीं/ एक से अधिक

कमला उद्गम स्थल- नेपाल

पुनपुन उद्गम स्थल- पलामू, झारखंड

कर्मनाशा उद्गम स्थल- कैमूर, बिहार

बूढ़ी गण्डक उद्गम स्थल- पश्चिमी चंपारण, बिहार

30. निम्नलिखित में से बिहार के किस स्वतंत्रता सेनानी को आधुनिक बिहार के निर्माता के रूप में जाना जाता है?

a. श्रीकृष्ण सिंह

b. राम मनोहर लोहिया

c. जय प्रकाश नारायण

d. सहजानन्द सरस्वती

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

# श्रीकृष्ण सिंह

महान स्वतंत्रता सेनानी "बिहार केसरी" डॉ. श्रीकृष्ण सिंह बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री थे।

बिहार के विकास में उनके अतुलनीय, अद्वितीय व अविस्मरणीय योगदान के लिए उन्हें आधुनिक बिहार के निर्माता के रूप में जाना जाता है ।

लोग उन्हें सम्मान और श्रद्धा से "बिहार केसरी" और "श्रीबाबू" के नाम से संबोधित करते हैं।

source

hindvanshieducation.com

हिन्दवंशी